हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 16 जून 2025

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]



## खबर संक्षेप



### सत्य नाट्य संस्था ने जीते सात अभा पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई क्षेत्र की सत्य नाट्य संस्था ने ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन शिमला में हुई अखिल भारतीय नृत्य एवं नाट्य प्रतियोगिता में 7 पुरस्कार प्राप्त किए हैं। देश के 27 राज्यों से 410 नृत्य कलाकारों ने 27 नाटकों का मंचन किया। सत्य नाट्य संस्था के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी ने बताया कि उनके समूह ने नृत्य एवं नाटक में 7 पुरस्कार प्राप्त किया। सेमी क्लासिकल एकाल सब जूनियर प्रतियोगिता में समूह की 7 साल की अद्विका तिवारी ने प्रथम व सब जूनियर सेमी क्लासिकल युगल श्रेणी में के रिनीषा के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। अधिक तिवारी ने अपनी मां कविता तिवारी के साथ ओपन कैटिगरी सेमी क्लासिकल व सेमी क्लासिकल ओपन कैटिगरी एकल में प्रथम स्थान प्राप्त किया, समूह नृत्य में द्वितीय रहीं यह सारे पुरस्कार नृत्य श्रेणी में दिए गए। नाटक दंश मंचन के लिए स्टाइलिस्ट नाटक की कैटेगरी में द्वितीय स्थान व बाल कलाकार अद्विका को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का पुरस्कार दिया गया। सत्य नाट्य एवं नृत्य संस्था की बाल कलाकार अद्विका तिवारी जो की 7 वर्ष की है इन्होंने भारत वर्ष से आए विभिन्न नृत्य एवं नाट्य कलाकारों के बीच अपनी छाप छोड़ी और और अपने नाम पांच पुरस्कार प्राप्त किया।

### एसएसपी ने लिया थानों की समीक्षा बैठक

**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस नियंत्रण कक्ष सेक्टर 6 में दुर्ग अनुविभाग के सभी थाना और चौकी प्रभारी का समीक्षा बैठक लिया। इस दौरान विवेचकगण को लंबित अपराध, मर्ग, गुमइंसान, शिकायत आवेदनों का तुरंत निराकरण करने का निर्देश दिया। मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने, ऑपरेशन तलाश के तहत अधिक से अधिक गुम इंसानों को खोजने को लेकर निर्देशित किया।

### नपा अध्यक्ष ने जामुल अटल परिसर का किया निरीक्षण



**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में अटल परिसर का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। जिसका निरीक्षण नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया। निरीक्षण अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि अटल परिसर सिर्फ निर्माण कार्य ही नहीं है, बल्कि यह एक संदेश है कि सरलता एवं सुगमता के साथ जनता को हर उस योजना का लाभ मिले। जिसके लिए सरकारें बनती है इसके माध्यम से अंतिम छोर के व्यक्ति को, क्षेत्र में विकास कार्य संपादित हो। जिसकी अपेक्षा हर वर्ग के लोग करते हैं। पालिका क्षेत्र जामुल में तीस लाख रूपये के लागत से वार्ड 13 में अटल परिसर का निर्माण कार्य किया गया है, जो पूर्णतः की ओर है। निरीक्षण पर जलकार्य प्रभारी रामदुलार साहू, पार्षद दीपक गुप्ता, उप अभियंता सचिन भागवत मौजूद थे।

# पिता ने साइकिल से सब्जियां बेचकर पढ़ाया, आज बेटा आयुर्वेद में एमडी

दिलीप साहू/ निकुम

कहते हैं दिल में अगर कुछ कर दिखाने का जुनून और कुछ पाने की लगन हो तो हर हाल में कामयाबी आपके कदम छू लेगी, क्योंकि कागज अपनी किस्मत से उड़ती हैं, लेकिन पतंग अपनी काबिलियत से। किस्मत अपना साथ दे या ना दे काबिलियत हमेशा साथ देती है, इसी जुनून को साथ लिए एक गांव के छोटे से परिवार का खेती से सब्जी बेचने वाले मजदूर किसान का बेटा आज बड़ा डॉक्टर बन गया है। किसान कृपा निषाद वह पिता हैं, जो खुद आठवीं तक पढ़े हैं, लेकिन उन्होंने अपने बेटे को कभी भी पढ़ने से नहीं रोका। बेट विनोद के सपने को साकार करने के लिए अपनी पूरी जवानी लगा दी। पहले रोजी-मजदूरी की, फिर बाड़ी में काम किया, तब भी बात नहीं बनी तो खुद साइकिल उठाकर सब्जियां बेचने लगे और अपने बेटे की पढ़ाई के लिए खर्च जुटाते रहे। बेटे ने भी मन लगाकर पढ़ा। पढ़ाई की इस जद्दोजहद में विनोद के दो बड़े भाइयों ने भी अपनी पिता की तरह पैसों से मदद जारी रखी। इस वजह से छोटे से गांव का विनोद निषाद आज एक डॉक्टर बना चुका है। उसके पास कई बड़ी डिग्रियां हैं, जो आसानी से नहीं मिल पाती। डॉ. विनोद कुमार निषाद ने पहले बैचलर ऑफ़ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी की पढ़ाई गवर्नमेंट आयुर्वेदिक कॉलेज रायपुर से की। इसके बाद वहीं से ब्रांच फ़ॉर्माकॉलोजी में एमडी की पढ़ाई की। फिर जोधपुर राजस्थान आयुर्वेद कॉलेज से पीजीसीसीकेएस की। आज ग्राम झीट में अपनी क्लीनिक चलाकर गांववालों की सेवा कर रहे हैं। पिता आज भी खेती-किसानी कर रहे हैं, लेकिन आज उनके पास खुद का खेत हैं।

## छोटे से गांव भोथली से निकलकर जोधपुर में की पीजी

फादर्स डे पर विशेष



### पांचवीं तक भोथली के सरकारी स्कूल में हुई पढ़ाई

डॉ. विनोद बताते हैं कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा यानी पांचवीं तक की पढ़ाई ग्राम भोथली में हुई। उनकी मां ललिता बाई गृहिणी हैं, लेकिन पिता का कामकाज में हाथ बंटाती हैं। दो भाई शीतकुमार और मनोज कुमार ने हमेशा सहयोग किया। एक बहन किरण भी उनका हर समय मनोबल बढ़ाते रही। मिडिल स्कूल की पढ़ाई तिरगा में पूरा करने के बाद हायर सेकंडरी की पढ़ाई उन्होंने निकुम से की। इसके बाद आगे की पढ़ाई उन्होंने रायपुर फिर जोधपुर राजस्थान में की।



# दो हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ने दी परीक्षा 480 अंक वालों को एडमिशन की उम्मीद

**भिलाई।** नीट के परिणाम शनिवार को जारी हो गए हैं। इस बार भिलाई-दुर्ग से 2 हजार से ज्यादा बच्चों ने नीट एग्जाम दिया। ओवर ऑल रिजल्ट को बेहतर नहीं बताया जा रहा है, लेकिन एजुकेशन हब के लिहाज से भिलाई-दुर्ग में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स के अच्छे अंक आए हैं। शिक्षा विशेषज्ञों की मानें तो इस बार का कटऑफ 480 अंक के करीब जाएगी, इस लिहाज से इसके आसपास नंबर लाने वाले स्टूडेंट्स को सरकारी मेडिकल कॉलेज में एडमिशन का मौका है। पिछले साल यानी वर्ष 2024 में कटऑफ 595 के करीब रहा। इस लिहाज से छात्रों के पास सरकारी कॉलेज में एडमिशन का बेहतर अवसर है।

## नीट-2025 में रूबीस फिजिक्स की श्रेष्ठता फिर साबित









**भिलाई।** रूबीस फिजिक्स की श्रेष्ठता फिर साबित-नीट-2025 के धोषित परिणामों में द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम की नियमित -छात्रा-फेशर - सिमोन बगारिया ने 602 अंक प्राप्त कर आल इंडिया 1239 वा रैंक हासिल करके रुबीस फिजिक्स का मान सम्मान और ऊंचा कर दिया। संस्था के नमन भूमि दुर्गादशमुख, मीनाक्षी ध्रुव, कामिनी चौधरी, आस्था काचे, योगलक्ष्मी जैसे कई विद्यार्थी चयनित हो चुके हैं। सलीम सर ने सभी को बधाई दी और दुआएं दी।

## गोल इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों को नीट की परीक्षा में मिली बड़ी सफलता

**भिलाई।** गोल इंस्टीट्यूट के छात्रों ने नीट-2025 के रिजल्ट में शुभजीत राज ऑल इंडिया रैंक



236 वाँ स्थान प्राप्त किया है जिनका मार्क्स 630 है। नीट में गोल छ.ग. के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों में विजय चंद्राकर-533, भीष्मदेव यादव-512, राशि चंतारे-508, विभा देवांगन 480, ऐमी सिन्हा-473, दिकेश देवांगन-468, दिपाली-412, हिमांशी देवांगन 461, रिया तरम-328, दानेश्वर नारंग-390, खेमराज-398, अदिति बघेल 344 गोल के फाउण्डेशन बैच के अपने पहले ही प्रयास में नीट में सफलता हासिल किया हैं। इसके साथ गोल छ.ग. से 80 से अधिक बच्चों ने गर्वमेंट मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन कि संभावना है जबकि कुल 250 बच्चों ने नीट क्वालीफाई किया है। ये बाते शनिवार को गोल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर रंजीत कुमार ने कहा कि यह सफलता छात्रों के अथक प्रयास, संस्थान के टीम वर्क एवं अभिभावकों का गोल के प्रति विश्वास का प्रतिफल हैं। इंस्टीट्यूट के सतीश कुमार ने कहा कि इस सफलता के पीछे अच्छे माहौल, पर्सनल केयर एवं लाइब्रेरी का भी योगदान रहा है।

## भिलाई सुपर-30 में 30 से 22 स्टूडेंट्स नीट में चयनित



**भिलाई।** इस वर्ष सुपर-30 भिलाई से 30 छात्रों में से 22 छात्र नीट में चयनित हुए हैं। जिसमें गरिमा देशमुख 598 अंक और साहिल पिपरिया 571 अंक प्राप्त किया ह। इसी प्रकार से अन्य छात्रों का नीट में चयन हुआ है। जिसमें 15 से अधिक छात्रों को शासकीय कॉलेज मिलने की संभावनाएं है। कुल 22 छात्र मीट 2025 में चयनित हुये है। भिलाई सुपर-30 संस्था में 30 छात्रा को निःशुल्क पढ़ाया जाता है। जिसका चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाता है।

चयनित छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में देश के प्रतिष्ठित शिक्षकों व्दारा पढ़ाई कराई जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य गरीब व मेधावी छात्रों को जो कि आर्थिक रूप से डॉक्टर की पढ़ाई नीट तैयारी में असमर्थ रहते है उनके लिए यह योजना वरदान साबित हो रहा है। इस वर्ष भी 30 छात्रों को निःशुल्क पढ़ाया जाएगा जो कि छत्तीसगढ़वासियों के लिए कारगर साबित हो रहा है। यह एक सामाजिक पहल है, जिससे गरीब व मेधावी छात्रों का डॉक्टर बनने का सपना पूरा हो सके।

# बीएसपी को मिला पर्यावरण ग्लोबल ग्रीनटेक पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र को पर्यावरण संरक्षण एवं स्थिरता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए पर्यावरण एवं सस्टेनेबिलिटी सम्मेलन के दौरान ग्लोबल ग्रीनटेक एनवायरनमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया।

- डायरेक्टर व प्रभारी ने ग्रहण किया पुरस्कार

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक राजीव पांडे, महाप्रबंधक संजय कुमार ने भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरस्कार ग्रहण किया। इसके बाद यह पुरस्कार निदेशक व निदेशक प्रभारी (भिलाई इस्पात संयंत्र - अतिरिक्त प्रभार) मनीष राज गुप्ता को सौंपा गया। उन्होंने पुरस्कार को संयंत्र की सस्टेनेबल इस्पात उत्पादन की दिशा में निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। सम्मेलन के प्रमुख वक्ताओं में पूर्व मुख्य सचिव एवं ग्रीनटेक फाउंडेशन के मुख्य सलाहकार धरम पाल,आईओआरए इकोलोजिकल सलूशन के डॉ. एन. मानिका, मुख्य इएचएस (यूपीएल लिमिटेड) अतुल वर्मा, क्रेआ विश्वविद्यालय की (आईएफएमआर लीड) डॉ. सबीना यास्मीन, सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के पारिजात सिन्हा, डालमिया सीमेंट के उप मुख्य सस्टेनेबिलिटी अधिकारी अनुपम, तथा प्राइम मेरिडियन कंसल्टिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सस्टेनेबिलिटी अधिकारी पवन बख्शी और विशेषज्ञ कर्नल प्रदीप मिश्रा शामिल थे। 12 एवं 13 जून 2025 को आयोजित इस सम्मेलन में लैंगिक समानता, सतत जल प्रबंधन, पर्यावरणीय स्थिरता और सतत शहर एवं समुदाय जैसे विषयों पर तकनीकी सत्रों,और पैनल चर्चाओं का आयोजन किया गया।

### दायित्वों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है पुरस्कार

यह पुरस्कार भारत के अग्रणी संस्थान ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष उन संगठनों को प्रदान किया जाता है जो पर्यावरण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान कर रहे हैं। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र अपने उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादन और टिकाऊ औद्योगिक प्रथाओं में अग्रणी होने के लिए जाना जाता है। प्रदूषण नियंत्रण से लेकर हरित आवरण वृद्धि तक, बीएसपी पर्यावरणीय नवाचार और जिम्मेदार विकास में अग्रणी बना हुआ है।

# दुकानों की अनुज्ञप्ति लाइसेंस से 60 लाख रुपए की आय का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू की अध्यक्षता में शुक्रवार को

- लक्ष्मीपति राजू की अध्यक्षता में हुई सलाहकार समिति बैठक में निर्णय

सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में निगम क्षेत्र के दुकानों को अनुज्ञप्ति लाइसेंस शुल्क बढ़ाने पर चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने इस बार 60 लाख रुपए अनुज्ञप्ति लाइसेंस से आय का टारगेट तय किया है। पहले यह 40 लाख रुपए था। यानी निगम को अनुज्ञप्ति लाइसेंस दर बढ़ाने से 20 लाख रुपए आय अधिक हो सकती है।

### एमआईसी में रखा जाएगा प्रस्ताव

लक्ष्मीपति राजू, अध्यक्ष खाद्य लोक स्वा. एवं स्वच्छता समिति के सलाहकार समिति द्वारा छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 (क्रमांक 23 सन 1956) की धारा 366 के 2[11] के अनुसार अनुज्ञप्ति और अनुज्ञा की फीस की दर प्रत्येक तीन वर्षों में एक बार पुनरीक्षित की जाएगी के तहत निकाय क्षेत्रान्तर्गत संचालित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के अनुज्ञप्ति दरों में वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव महापौर परिषद में रखे जाने का सर्व सम्मति से अनुशंसा की गई। बैठक में सदस्य पी. के श्याम सुदर, सरीता देवी, के. जगदीश, एम. लक्ष्मी गोपाल, अभिषेक मिश्रा स्वच्छता समिति के सदस्य एवं जावेद अली, सचिव खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सचिव / स्वास्थ्य अधिकारी, राजेश पालवे प्र. सहायक अधीक्षक उपस्थित थे।

# पानी संकट से गुस्साए से. 7 के लोगों ने पानी टंकी में बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जैसे जैसे गर्मी का मौसम एंड हो रहा है टाउनशिपवासियों पर दोहरी मार पड़ रही है। आए दिन बिजली की आंखमिचौली के साथ पेयजल की

- मुख्य महाप्रबंधक दत्ता ने दिया जल्द निदान का आश्वासन

बढ़ती किल्लत से बीएसपी कर्मी रहवासी हलाकान हैं। पंद्रह दिन से अघोषित पानी कटौती से गुस्साए सेक्टर 7 के निवासियों ने शनिवार को सेक्टर 7 पानी टंकी मेंटेनेंस आफिस पर हल्ला बोला । इसके बाद वार्ड पार्षद व भिलाई निगम के स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू की अगुवाई में नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता से मिलकर पानी के लिए त्राहि त्राहि की विकट समस्या से अवगत कराते हुए समस्या के अतिशीघ्र निदान करने की मांग की। सीजीएम ने फिर आश्वस्त किया कि दो दिन में पानी की समस्या निदान हो जाएगा। पेयजल समस्या से जूझ रहे सेक्टर 7 के रहवासियों का पिछले दस दिन के दौरान दूसरी आज बार गुस्सा फूटा था। शनिवार को लक्ष्मीपति राजू के साथ वार्डवासियों ने पानी टंकी कार्यालय पहुंचकर बताया कि रोज सुबह घरों में सिर्फ पंद्रह बीस मिनट ही धीमी धार से पानी आ रहा है। शुरु में गंदा पानी भी आ रहा है। इतने कम पानी में परिवार की ठीक से प्यास बुझ रही है और न ही निस्तार हो पा रहा है। पहले भी पांच नलों में बूंद पानी नहीं आया।तब अधिकारियों ने निदान का आश्वासन दिया था। आखिर जारी पेयजल संकट का कारण क्या है।




### निगम के टैंकरों से करवा रहे सप्लाई

सेक्टर 7 में पंद्रह दिन से भीषण पेयजल किल्लत देखते हुए स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू कमिश्नर से बात कर चार टैंकरो से कई सड़कों में जलापूर्ति करवा रहे हैं। चार पांच दिन से टैंकर पहुंचते ही कुछ ही समय में खाली हो जा रहा है। पानी के लिए छीनाझपटी मची है। पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। निगम के टैंकरों से थोड़ी राहत दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन स्थाई निदान बीएसपी को ही करना है। सीजीएम ने दो तीन दिन मे निदान का भरोसा दिलाया है।

### सीजीएम को बताई लोगों की परेशानी

पानी टंकी कार्यालय के कर्मियों से डब्ल्यूएमडी ( वाटर मैनेजमेंट डिपार्ट) से ही टंकी के पूरा नहीं भर पाने की जानकारी मिलने पर पार्षद लक्ष्मीपति राजू के साथ रहवासी नगर सेवाएं विभाग कार्यालय पहुंच सीजीएम दत्ता के आफिस पहुंचे। उनके उपलब्ध नहीं होने पर राजू ने फोन से वार्डवासियों की जल संकट की परेशानी बताते हुए त्वरित राहत की मांग की। वार्डवासियों ने उन्हें आधे क्षेत्र में सुबह बिजली बंद होने से वार्ड के आधे हिस्से में मोटर पंप से पानी खींचने की समस्या से अवगत कराते हुए समाधान के लिए सुबह जलापूर्ति के वक्त एक साथ पूरे वार्ड में बिजली गुल करने की भी मांग की। सीजीएम ने दो तीन दिन के अंदर डब्ल्यूएमडी से टंकी में पूर्ववत पानी आपूर्ति कराने का भरोसा दिलाया।

## सेक्टर 9 हास्पिटल में स्वैच्छिक रक्तदान की भूमिका पर संवाद

# रक्तदान कर मिलजुलकर बचाएं मनुष्य का जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के अंतर्गत संचालित जेएलएन चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के ब्लड सेंटर द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस आयोजित विशेष कार्यक्रम में चिकित्सकों द्वारा रक्तदान का आह्वान किया गया।

अर्द्धदिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का विषय था - रक्तदान करें, आशा दें: साथ मिलकर जीवन बचाएं। रक्तदाता दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति (आयुष विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़) डॉ. पीके पात्रा ने किया। कार्यपालक निदेशक डॉ. रवीन्द्रनाथ एम., मुख्य चिकित्सा अधिकारी



डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. विनीता द्विवेदी उपस्थित थे। समापन सत्र की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती ने की।

डॉ. पात्रा ने कहा कि कहा कि वैज्ञानिक प्रगति के बावजूद रक्तदान को लेकर समाज में जागरूकता अभी भी सीमित है। रक्तदान को पूर्णतः सुरक्षित बताते हुए उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त से चार जीवनदायिनी कंपोनेंट प्राप्त किए जा सकते हैं, जो चार अलग-अलग मरीजों का जीवन बचा सकते हैं। रक्तदाता को स्वयं भी स्वस्थ रहना चाहिए, ताकि उसका रक्त गुणवत्तापूर्ण हो। रक्तदान के लिए युवा आगे आएं। डॉ. रवीन्द्रनाथ ने रक्तादान जागरुकाता के लिए आह्मन किया।समापन समारोह में चक्रवर्ती ने कहा रक्तदान एक ऐसा उदार कर्म है, जो सामाजिक भेदभाव से परे हमें एक सूत्र में पिरोता है । हम सब एक ही मानवता की डोर से बंधे हैं।

### तकनीकी प्रस्तुतियों में किया जागरुक

सीएमई सत्रों में वरिष्ठ कंसल्टेंट (ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन) डॉ. दीपक दाश मोहपात्रा व वरिष्ठ फैकल्टी (एम्स, गुवाहाटी) डॉ. गोपाल कृष्ण रे ने रक्त घटक चयन में एबीओ विसंगतियों के समाधान पर चर्चा की। वरिष्ठ चिकित्सक (बाल्को मेडीकल सेंटर, रायपुर) डॉ. नीलेश जैन ने रोगी रक्त प्रबंधन को एक मानक प्रथा के रूप में रेखांकित किया, वहीं वरिष्ठ फैकल्टी (एम्स, रायपुर) डॉ. रमेश चंद्राकर ने स्वैच्छिक रक्तदाता चयन के नवीनतम दिशानिर्देशन व उपयुक्त दाता के चयन की आवश्यकता को रेखांकित किया।

# केंद्र के 11 साल में कराए गए कामों की उपलब्धियों को गिनाने हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि केन्द्र मोदी सरकार की 11 साल का कार्यकाल स्वर्णिम रहा है। यह कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है। इस कार्यकाल में कई बड़े संकल्प लिए गए। जो संकल्प सिद्धि की ओर आगे बढ़े है। केन्द्र सरकार द्वारा अनेक योजनाओं और महत्वपूर्ण निर्णय से 11 साल के कार्यकाल में देश को संवारने कार्य किया गया है। मोदी सरकार की हर योजना के केन्द्र में जन कल्याण और आम नागरिक के जीवन को आसान करने साथ-साथ देश को वैश्विक स्तर पर नया आयाम देने की भावना रही है। बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने न केवल देश की सीमा सुरक्षित की, बल्कि अर्थव्यवस्था को मजबूत किया और टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाया। उक्त बाते दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मरोदा–पुरैना मंडल के रिसाली मां कल्याणी शीतला मंदिर भवन में आयोजित संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित भारत का अमृतकाल – सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर अपने विचार भी साझा किए।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 16 जून 2025

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 आश्रम में बाल संस्कार शिविर संपन्न, बच्चों ने सीखा योग, अनुशासन..



10 पिता ने साइकिल से सब्जियां बेचकर ...





## खबर संक्षेप

### श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन 27 जून को



**गुरूर।** श्री दक्षिणमुखी हनुमार मंदिर बाजार चौक गुरूर द्वारा श्री जगन्नाथ रथ यात्र का आयोजन 27 जून को किया गया है। रथ यात्र श्री दक्षिणमुख हनुमान मंदिर बाजार चौक गुरूर से प्रारंभ होकर नगर का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। इस दौरान सुबह 9:30 बजे पुजा अर्चना आरती की जाएगी। 11 बजे सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। उसके बाद रथ यात्र निकलेगी एवं रात्रि 7:30 बजे महाआरती की जाएगी।

### गायत्री मंदिर रिसाली में कल होगी गोष्ठी

**बालोद।** शिव गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर में बालोद जिला सहित दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा, जिलों की विशेष गोष्टी 17 जून को प्रातः 11 से 3 तक आमंत्रित की गई है। जिसमें समस्त ब्लॉक प्रभारी, जिला प्रभारी, युवा, दिया, मंडल, ट्रस्टी, सहित समस्त सक्रीय कार्यकर्ताओं कों आमंत्रित किया गया है। जिसमें शांतिकुंज प्रतिनिधियों सहित छग जोन प्रभारी रायपुर भी उपस्थित रहेंगे।

### मोबाइल लूटपाट करने वाले धरे गए

भिलाई। मोबाइल लूटपाट करने वाले दो युवक और दो अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309(4), 296, 351(2), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि भिलाई नगर, नगर, नेवई, छावनी, जामुल, भिलाई 3 क्षेत्र में बाइक सवार युवक राहगीरों के साथ डरा धमकाकर मारपीट कर मोबाइल लूटपाट करते थे। पुलिस में शिकायत के बाद लूट के मोबाइल को लेकर बेचने की फिराक में संदिग्ध युवक ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर लेबर केम्प जामुल निवासी टिकेश्वर साहु,चंदन पारा जामुल अनिल दुर्गा, दो अपचारी बालको को पकड़ा गया है।

### फैक्ट्री से जंबो बैग गिरा श्रमिक महिला की मौत

**भिलाई।** मिनरल एंड केमिकल फैक्ट्री का भारी भरकम बोरा गिरने से एक महिला और दो व्यक्ति चपेट में आए है। घटना में महिला की मौत हो गई। वहीं दो अन्य गंभीर रुप से घायल है। घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक अग्रवाल मिनिरल एंड केमिकल फैक्ट्री जामुल की है। जहां शनिवार को जंबो बैग गिरने से महिला श्रमिक व दो पुरुष के ऊपर जंबो बैग गिर गया। फैक्ट्री के हादसे में 58 वर्षीय जयंती साहू की मौत हो गई। वहीं जानकी यादव, पेमिन सिन्हा गंभीर रूप से घायल हैं।

# हाई स्कूल मोहारा की समस्याएं ज्यों की त्यों, कल से शिक्षा सत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

सोमवार से शिक्षा का नया सत्र प्रारंभ होगा। सत्र नया होगा, पर हाई स्कूल मोहारा के बच्चो को पुरानी समस्या से ही जूझना पड़ेगा। अब तो वह समस्या और गंभीर हो गई है। समस्या के समाधान के लिए जिम्मेदारो ने कोई पहल नही की।

हाई स्कूल मोहारा मे स्थित बालक युरिनल अनुपयोगी हो चुका है। शाला भवन बनने के समय से युरिनल मे पानी निकासी की समस्या 10 सालो से विकराल रूप ले चुकी है। युरिनल मे दरवाजे, बेसीन सहित सभी चीजे टूट गई है। निकासी नही होने से बीते सत्र मे बालको को विद्यालय भवन से 300 मीटर दूर स्थित पुराने यूरिनल मे जाना पड़ता था। वहां तक पहुंचने का मार्ग ही खतरो से भरा रहता था। लेकिन बालक मजबूरी मे उसका उपयोग करते थे।

बालको का यह एकमात्र सहारा भी अब अनुपयोगी हो गया है। टंकी भी टूट गई है, जिससे गहरा गढ्ढा हो गया है जो बच्चो के लिए जानलेवा हो सकता है। इस यूरिनल की छत उड़ गई है। दीवाल टूट गए है। ऐसे मे यह यूरिनल भी पूरी तरह से अनुपयोगी हो गया है। बालको के लिए नया शिक्षा सत्र चुनौती भरा होगा। शाला मे नए सत्र के लिए विद्यालय की साफ सफाई एवं रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है लेकिन बच्चो के निस्तार के लिए कहा जाएंगे इसका उनके पास कोई विकल्प नही दिखा।

## बालक प्रसाधन जर्जर, बच्चों को 300 मीटर दूर जाना पड़ता है





### समस्या से अवगत कराया गया : प्राचार्य

शाला के प्रभारी प्राचार्य गंगाराम साहू ने कहा हमे जिला शिक्षा अधिकारी को स्थिति से अवगत करा दिया है। बच्चे निस्तार के लिए कहां जाएंगे इसका विकल्प नही है, यह गंभीर समस्या हो गई है।

## हादसा

### रविवार को जिले में तीन सड़क दुर्घटनाएं हुईं

# दैहान के पास बोलेरो-ट्रक में भीषण टक्कर, दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम दैहान के पास बोलेरो एवं ट्रक मे आमने सामने टक्कर हो गई। घटना में दो युवक घायल हो गए। बोलेरो सवार दो युवक जिला मुख्यालय से वापस दल्लीराजहरा जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो सामने से आ रही ट्रक के नीचे जा घुसी, गनीमत रही की दोनो युवको को समय रहते रेस्क्यू कर बचा लिया गया, घटना के बाद एक युवक को सुरक्षित बाहर निकाला गया व एक अन्य युवक जो बुरी तरह से गाड़ी मे फंस गया था, जिसे कटर के माध्यम से काटकर वाहन से बाहर निकाला गया।

युवक दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो मे इस कदर फंसा था कि पुलिस को जेसीबी और रस्सी रॉड की मदद से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकालने मे सफलता मिली। गनीमत रही कि युवक सुरक्षित बाहर आ गया। घायलो की पहचान दल्लीराजहरा निवासी रूपेश साहू 18 वर्ष और साहिल 17 वर्ष के रूप मे हुई है, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हे रायपुर रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार बोलेरो काफी दूर से ही गलत दिशा मे चल रही थी। राहगिरो ने आशंका व्यक्त की है कि बोलेरो चालक को झपकी आई होगी।





### बघमरा के पास दो हाईवा की टक्कर, एक वाहन क्षतिग्रस्त, चालक सुरक्षित

**बालोद।** रेत लेकर जा रहे दो वाहनो में से सामने चल रही हाईवा के सामने मवेशी आ जाने से चालक ने अचानक ब्रेक मार दिया, जिससे पीछे से आ रही हाईवा चालक जा टकराया। घटना गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम बघमरा के पास की है, दो हाईवा मे टक्कर से एक हाईवा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वही चालक सुरक्षित है। मिली जानकारी के अनुसार एक रेत से भरे हाईवा मुख्य मार्ग मे आगे जा रहा था, जिसके पीछे एक दूसरे हाईवा जा रहा था, लेकिन सामने वाले हाईवा चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने के कारण पीछे चल रही हाईवा सामने वाले हाईवे से जा टकराया जिससे पीछे चल रहे हाईवा के सामने का भाग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि मार्ग मे बहुत सारे मवेशी बैठे थे, जो अचानक उठकर भागने लगे जिसके कारण तेजगति से आगे चल रही वाहन ने अचानक से ब्रेक लगा दिया। जिससे पीछे का वाहन हादसे का शिकार हो गया। वही ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग मे पुल के पास मोड़ है। जहां तेजगति से चल रहे बड़े वाहनो द्वारा बीना ब्रेक लगाए तेजगति से वाहन का चालन किया जाता है, जिसके कारण बड़े वाहन हादसे का शिकार होते रहते है।

### पिकअप ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर दो गंभीर घायल

बालोद। ग्राम गुजरा के पास एक बाईक मे सवार तीन युवको को पिकअप चालक ने ठोकर मार दी, जिसके बाद बाईक मे सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए व एक अन्य युवक को मामूली चोटे आई। मिली जानकारी के अनुसारा ग्राम गुजरा निवासी जितेन्द 17 वर्ष व मधुकांत 23 वर्ष बाईक के माध्यम से अपने दोस्त ग्राम बोरी निवासी रूद्रप्रताप को छोड़ने जा रहे थे, तभी मार्ग मे पिकअप वाहन ने बाईक को ठोकर मार दी, जिसके बाद आस पास के ग्रामीणो द्वारा युवको को 108 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दो युवक जितेन्द्र व मधुकांत की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हे रायपुर रेफर कर दिया गया।

## शराब के नशे में ससुर ने बहू पर किया टंगिया से हमला, आपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

शराब की लत के कारण एक ससुर ने अपनी ही बहु को टंगिया से मारकर हत्या करने की कोशिश की। जिसके बाद पुत्र ने अपने पिता के खिलाफ थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराया। ग्राम टेकापार मे संतुराम बंजारे ने अपनी बहु अंजली बंजारे पर टंगिया से जानलेवा हमला कर दिया। बेहोशी की हालत मे महिला को परिजनो ने जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार लिलेश बंजारे ने जानकारी दी है कि पिता को शराब पीने की लत लग चुकी है।

- पुत्र ने पिता के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

आरोप लगाया कि शराब खरीदने व पीने के लिए घर के सामान को कई बार बेच चुका है, पत्नी अंजली बंजारे के नाम पर जो गैस सिलेंण्डर था, उसको भी पिता ने बेच दिया था। इसी बात को लेकर घर के आंगन मे पिता ने मेरी पत्नी से गाली गलौज की। जिसके बाद जान से मारने की नियत से टंगिया से पत्नी के गला मे वार कर रहा था। तब हटने से पत्नी के सीना के दाहिने भाग से टंगिया मे चोट लगी है, पत्नी जब अपनी जान बचाने भागने लगी तब पिता ने टंगिया से पीठ मे वार कर दिया। जिला अस्पताल मे ईलाज जारी है। बालोद थाने मे संतुराम बंजारे के खिलाफ धारा 109(1), 296, 351 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## आसमानी बिजली की चपेट में आए दो बंदरों की मौत, विधि विधान से अंतिम संस्कार





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले मे अचानक हुई तेज आंधी के साथ बारिश के बीच गुण्डरदेही नगर के वार्ड क्रमांक तीन में पेड़ में बैठे दो बंदर आसमानी बिजली का शिकार हो गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जिसके बाद आस पास के युवाओ द्वारा मृत बंदरो का विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। मानसून के आगमन के पूर्व तेज गरज, हवा एवम चमक आम बात है। इस दौरान सबसे ज्यादा खतरा आसमानी बिजली गिरने का होता है।

प्रतिवर्ष आसमानी बिजली गिरने के कारण मनुष्य सहित कईयों पशु पक्षी की मौत की खबर देखने सुनने को मिलता है। शनिवार को गुण्डरदेही नगर के वार्ड क्रमांक 3 में एक घर के पास स्थित इमली के वृक्ष में जोरदार गरज चमक के साथ आसमानी बिजली गिर गई, जिसके कारण पेड़ में मौजूद दो बंदर उसके चपेट में आ गए, जिसके कारण दोनों बंदरों की जान चली गई। हिंदू धर्म में बंदरों को भगवान हनुमान का रूप माना जाता है। इसी भावना से के तहत वार्डवासियों ने विधि विधान से दोनों मृत बंदरों को भगवान शंकर के मंदिर के पास गड्ढा खोदकर अंतिम संस्कार किया।

## खाद और पानी की कमी से बढ़ी किसानों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के किसान आगामी खरीफ की तैयारी मे खेतो की ओर रूख करने लगे है। लेकिन जेठ माह मे बारिश के बाद आशाढ़ माह मे मानसून का इंतजार है। बारिश नही होने से किसान चिंतित है। किसान खेत की सफाई के साथ जोताई एवं मेड़ो की मरम्मत कर रहे हैं।

पानी गिरने के बाद खाद, बीज की बिक्री प्रारंभ हो गई थी जो अब थम सी गई है। बारिश नही होने से भू जल स्तर भी गिरने लगा है। आने वाले कुछ दिनो मे इस साल कृशि विभाग द्वारा 1 लाख 74 हजार 325 हे. मे कृशि का लक्ष्य रखा है, जिसके जवाब मे जिले के किसान 25,00 हे. रकबा मे धान की बोनी कर चुके है, वर्तमान मे किसान खुर्रा बोनी कर रहे है। ज्यादा दिन बीज खेतो मे रहने व बारिश नही होने से खेतो मे डाले हुए बीज पक्षियो का निवाला बन जाता है ऐसे मे उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। किसानो ने थरहा लगाना भी प्रारंभ कर दिया है लेकिन गिरते भू जल स्तर के कारण किसानो की चिंता बरकरार है। बारिश किसानो के उम्मीदो के अनुरूप नही हो रही है। खण्ड वर्शा से किसानो की परेशानी हो रही है, जबकि धान की बोआई के लिए बारिश जरूरत है, जिले के सभी बांधो मे पानी नही है ऐसे मे बारिश ही एकमात्र सहारा है। कई किसान जिनके पास पानी का साधन है धान की रोपाई के लिए नर्सरी तैयार कर रहे है। लेकिन उन्हे भी बारिश का इंतजार है, यदि समय पर पानी नही गिरा तो ट्यूबवेल भी जवाब देने लगेंगे। बीते एक सप्ताह से रोज शाम बादल छाते है, बारिश होने की उम्मीद रहती है, लेकिन कही कही बारिश हो रही हैं बहुसंख्यक क्षेत्र सूखे है, ऐसे मे किसानो को चिंता सताने लगी है क्योकि 20 दिन बाद सावन लग जाएगा। आशाढ़ माह मे बारिश जरूरी है।



फाइल फोटो

ज्ञात हो कि इस बार खाद की किल्लत खास कर डीएपी की कमी बनी हुई है, जिले मे मांग के अनुरूप खाद की आवक नही हो पा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले मे अब तक सहकारी समितियो से किसानो द्वारा 8460 टन यूरिया खाद का उठाव किया जा चुका है, डीएपी 2103 टन, एसएसपी 3420 टन, एमओपी 1771 टन,एनपीके 4056 टन, इस तरह अब तक किसानो को सहकारिता के माध्यम से व 19810 टन खाद का वितरण किया जा चुका है।

### साल 2005-06 में बनी सड़क हो चुकी है जर्जर

# कलेक्टर से मुंदेरा की सरपंच ने जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/कलंगपुर

विकासखंड गुण्डरदेही अंतर्गत ग्राम पंचायत मुन्देरा की सरपंच प्रीति ग्वालियर एवं पंचों ने बालोद जिला कलेक्टर से मिलकर अपने गांव के पहुंच मार्ग की सड़क की दयनीय स्थिति से अवगत कराते हुए बारिश के पूर्व सड़क की मरम्मत कराने के लिए ज्ञापन सौंपा।

अवगत हो कि मुख्य मार्ग से गांव के प्रवेश द्वार से ग्राम होते हुए ग्राम तवेरा प्रवेश द्वार तक प्रधानमंत्री सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत सन 2005– 06 मे सड़क निर्माण कार्य किया गया था, वर्तमान में सड़क की स्थिति अति दयनीय हो चुकी है सड़क कई जगहों से उखड़कर बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं। जिसके कारण ग्राम के स्कूल, कालेज जाने वाले छात्र छात्रओं संहित ग्रामीण जनों को आवागमन करने मे बहुत ही परेशानी होती है अक्सर बारिश के दिनों मे सड़क के गढ्ढो पर पानी भरा रहता है जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।



ज्ञात हो कि इस जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणजन कई बार शासन प्रसाशन एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इससे अवगत करा चुका है। पिछले लोकसभा चुनाव के समय यहां के ग्रामवासियों के द्वारा चुनाव बहिष्कार करने की सूचना दिया गया था, लेकिन शासन प्रसाशन ने ग्रामीणों को खाली आश्वासन देकर चुनाव बहिष्कार को रोक दिया गया और कहा गया कि आप लोगों के गांव का सड़क अति शीघ्र बनवा दिया जायेगा, परन्तु लोक सभा चुनाव, विधान सभा चुनाव और पंचायत चुनाव हो चुका है और सड़क निर्माण के लिए राशि स्वी—ति होने के बाद भी सड़क निर्माण कार्य अधर मे लटका हुआ है।

जिसके वजह से आये दिन कोई न कोई अनहोनी होती रहती है। यह सब स्थिति को देखते हुए सरपंच प्रीति ग्वालियर एवं उपसरपंच मीनू यादव, भुवनेश्वर साहू, धनेश्वर साहू, यादराम साहू, पूनम साहू, गौतम धनकर, केसरी यादव, सेवती धनकर, पदमनी साहू, ललिता यादव, ऐसनी साहू, जीतेश्वरी ठाकुर, केवड़ा साहू, कांति साहू सहित सभी पंच गणों की उपस्थिति मे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे।

## तिरगा में दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

पंच शील क्लब एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से ग्राम तिरगा में दो दिवसीय कब्बडी प्रतियोगिता के शुभारंम अवसर के मुख्यअतिथि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, जनपद सदस्य दामिनी साहू, सरपंच घसिया राम देशमुख, पूर्व जनपद हेमकुमारी देशमुख, कार्यकारणी अध्यक्ष टिकेश्वरी देशमुख, सचिव कब्बडी संघ पीलू राम पारकर ग्राम पंचायत के पंचगण उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि ताम्रध्वज साहू ने प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि खिलाड़ियों को हमेशा अनुशासन से खेलना चाहिए और हमेशा नशे से दूर रहना चाहिए। खिलाड़ी को अपने जीवन का एक ही लक्ष्य रखना चाहिए कि वह अपने खेल को ईमानदारी से खेले। खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। खेल के मैदान में आप एक दुसरे के प्रतिद्वंद्वी है खेल मैदान के बाहर नही होना चाहिए। उन्होंने आयोजन समिति के युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी होने के साथ ही युवाओं में संगठन क्षमता के विकास और ग्रामीण समरसता, भाईचारा के लिए जरूरी है। इस अवसर पर आसपास के खिलाड़ी गण सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या मौजूद थे।





## खबर संक्षेप

### सूर्या मॉल के स्पा सेंटर में पुलिस की दबिश

**भिलाई।** सूर्यामॉल में स्थित स्पा सेंटरों पर पुलिस की टीम ने दबिश दिया है। पुलिस को देख लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। खबर लिखे जाने तक किसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। जानकारी नहीं मिल पाई है। मिली जानकारी के मुताबिक स्मृति नगर पुलिस और एएसपी पद्मश्री तंवर की टीम स्पा सेंटर शनिवार की रात पहुंची। जहां स्पा सेंटर में पहुंचे जब तक पुलिस की कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती। तब तक कोई भी अंदर से बाहर नहीं आएगा। रजिस्टर भी खंगाले जा रहे है।

### मोबाइल दुकान से 4 लाख का सामान पार

**भिलाई।** मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने महंगे मोबाइल को पार कर दिया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि सुनील टेंभरे का खुड़मुडा मोड पर मोबाइल दुकान है। 11 जून की रात दुकान बंद कर घर चला गया। दूसरे दिन सुबह 6 बजे खुड़मुड़ा मोड निवासी दुर्गेश चक्रधारी फोन कर बताया कि दुकान का ताला टुटा हुआ है। संचालक सुनील टेंबरे तत्काल अपना दुकान पहुंचा। ताला टुटा पड़ा मिला दुकान से अज्ञात ने आईफोन 11 प्रो, एक आईफोन 11 समेत 45 हजार रुपए के विभिन्न कंपनियों का मोबाइल गायब मिला। 4 लाख का समान पार हो गया।

### ई रिक्शा की ठोकर से बालक की मौत

**भिलाई।** घर के सामने खेल रहे मासूम ढाई वर्षीय बालक को ई रक्शिा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलते हुए चपेट में लिया है।



गहरनबमे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ अपराध कायम किया है। मोहन नगर पुलिस के मुताबिक बॉम्बे आवास आईएचएसडीपी कालोनी निवासी खुशांत दास मानिकपुर अपने घर के सामने खेल रहा था।। तभी तेज रफ्तार से आ रहे ई-रक्शिा चालक ने उसे चपेट में लिया। हादसे में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके प्राइवेट पार्ट से रक्तस्राव काफी अधिक हो रहा था। परिजनों ने बालक को तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल दुर्ग पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। ई-रिक्शा चालक का शिनाख्त अजय विश्वकर्मा के रूप में हुई है। घटना के बाद से फरार है। मोहन नगर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से जानकारी जुटाने लगी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ की जा रही है। ताकी हादसे के सही कारणों का खुलासा हो सके।

## निधन

### पुनमचंद करैत



**अंडा।** ग्राम चिंगरी निवासी नवागांव डुण्डेरा पुनमचंद करैत उम्र 48 वर्ष का आकस्मिक निधन 14 जून हो गया। वे अपने पीछे भरा पुरा परिवार को छोड़कर चले गये, उसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम के मुक्ती धाम में किया गया।

**शिविर : श्री योग वेदांत सेवा समिति ने किया 7 दिनी शिविर**

# आश्रम में बाल संस्कार शिविर संपन्न, बच्चों ने सीखा योग, अनुशासन और संस्कृति







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम सोनईडोंगरी में आश्रम मे श्री योग वेदांत सेवा समिति के बाल संस्कार विभाग द्वारा भाईयों एवं बहनों का सात दिवसीय अनुष्ठान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे बालोद, कांकेर एवं धमतरी जिला से 100 से अधिक बच्चों ने संस्कार, योग, आयुर्वेद, अनुष्ठान एवं दैनिक नित्य क्रियाएं सीखी। जिन्हे 20 से अधिक प्रशिक्षको ने प्रशिक्षण दिया।

बहनों के लिए अनुष्ठान शिविर 26 मई से 1 जून तक आयोजित किया गया, जिसमें 102 बालिकाओं ने भाग लिया, भाइयों के लिए अनुष्ठान शिविर 8 जून से 14 जून तक आयोजित किया गया, जिसमें 108 बालकों ने भाग लिया। विद्याथएँ अनुष्ठान शिविर में भाग लेने वाले बच्चे 7 दिनों तक अपना घर छोड़कर आश्रम में रहते हैं और आश्रम की दिनचर्या का पालन करते हुए प्रातः 4 बजे उठकर भारतीय संकृति के अनुसार करदर्शन, भूमिवंदन और प्राणायाम करते हैं।



वे इस दौरान त्रिकाल संध्या, सत्संग, ध्यान, सूर्य अर्घ्य, तुलसी पत्ति सेवन, सत्संग, सारस्वत्य मंत्र का जप, भजन, कीर्तन आदि करते हैं, इस दौरान बच्चो ने शारीरिक, बौद्धिक, तार्किक, कलात्मक क्षमता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे मूर्ति कला, भजन गायन, प्रश्नोत्तरी और कबड्डी, लीडरशिप, सांप– नेवला, रस्सा खिंच जैसे खेल कूद विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, नैतिक एवं अध्यात्मिक विकास के लिए करवाया गया, ताकि बच्चों का जीवन स्वस्थ, सुखी एवं सम्मानित हो।

शिविर मे विद्यार्थियों को फास्ट फ़ूड एवं पैकेट बंद खाद्य पदार्थो से होने वाले नुकसान के बारे में बताया जाता है, ताकि उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा हो और योगासन, प्राणायाम के माध्यम से शरीर को तंदुरुस्त रखने के तरीके सिखाये जाते हैं।त्रटक, बुद्धि शक्ति, मेघा शक्ति वर्धक प्रयोग, टंक विद्या के माध्यम से एकाग्रता बढ़ाने का उपाय सिखाया गया, हमारी संकृति में तिलक लगाने तथा शिखा रखने का बड़ा महत्व है उसके बारे में बताया गया कि इनका वैज्ञानिक आधार है और उसका मानव जीवन मे क्या लाभ है।

सात दिवसीय अनुष्ठान शिविर के अंतिम दिवस में समापन समारोह में अधिवक्ता हाई कोर्ट बिलासपुर रामसाय साहू, सरपंच ग्राम पंचायत सोनईडोंगरी जागृति साहू, खिलावन साहू, श्री योग वेदांत सेवा समिति बालोद के उपाध्यक्ष जनक हिरवानी, जागेश्वर साहू, लखन साहू, योगेश साहू, तारण पटेल, भोला साहू, संतराम पटेल, रामरतन साहू, डामन भुआर्य, तेजेश्वर साहू, तोषण, छत्रपाल, लक्ष्मण एवं अन्य सेवाधारी गण उपस्थित रहे। अनुष्ठान शिविर के समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं खेलों के विजेता विद्याथऍयों के साथ श्रेष्ठ शिविराथऍयों को भी शील्ड, मैडल एवं अन्य पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया।

# संत कबीरदास के प्राकट्य उत्सव में श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

कबीर पंथ के अनुरागी सज्जनों एवं भक्तों द्वारा साहू सामुदायिक भवन में कबीर प्राकट्य उत्सव मनाया गया। जिसमें संत देवेंद्र साहेब कबीर आश्रम करहीभदर, तथा सन्त पंचम साहेब पोटियाडीह कबीर आश्रम, साहित्यकार सीताराम साहू श्याम, करमा महाविद्यालय गुण्डरदेही की सहायक प्राध्यापिका किरण साहू, पर्यावरण प्रेमी एवं कवि केशव राम साहू को बतौर अतिथि आमंत्रित किया गया।

संतो, भजन मंडलियों एवं भक्तों द्वारा प्रभात फेरी के रूप में नगर भ्रमण कर महात्मा कबीर के सिद्धांतों पर आधारित नारे लगाते साहू सदन में सभा के रूप में परिणत हुआ, फिर गुरु पूजा पश्चात कवि केशव साहू ने संत कबीर के कबीरा मन निर्मल भयो पर बात रखकर आत्मा को हृदय को शुद्ध और आत्म बल रखने पर जोर दिया। मुख्य वक्ता सीताराम साहू श्याम ने कबीर की कविताओं में समकालीन यथार्थ के अभिव्यंजना को गुरु महिमा, सत्संग, नशा उन्मूलन, पर्यावरण, राष्ट्र प्रेम, समाज सुधार पर केंद्रित रखते हुए उद्बोधन दिया। आज के समाज में उक्त विचारधारा की जरूरत है कबीर का शाब्दिक अर्थ महान और श्रेष्ठ होता है यह भी बताया गया। किरण साहू ने कबीर के जन्म पालन पोषण और उनकी मानवतावादी अवधारणा को स्पष्ट किया।

संत देवेंद्र साहब ने विस्तार से बताया कि आज भी संत कबीर की वाणी अजर अमर है, ऐसी रचनाएं कालजई होती हैं। पोटिया के संत ने भी सभा को संबोधित कर कबीर के बताएं मार्ग पर चलकर जनकल्याण पर बल दिया। भजन मंडली द्वारा कबीर भजन गाकर अपनी प्रस्तुति से वातावरण को सरस बनाया। कार्यक्रमों का संचालन समाज सेवी नेतराम साहू ने किया।

इस अवसर पर धीराज साहू, केवल साहू, बलदु राम साहू, मेघनाथ साहू, नममु साहू, भगवान दास सहित मातृ शक्तियों की विशेष उपस्थिति रही।

# युक्तियुक्तकरण विसंगतियों पर कल तक शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले मे युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षको मे उपजे अविश्वास एवं



लगातार की जा रही शिकायतो को देखते हुए जिला पंचायत द्वारा इसका समाधान का प्रयास किया जा रहा है। युक्तियुक्तकरण से जिन शिक्षको को शिकायत है या नियम विरूद्ध युक्तियुक्तकरण किया गया है उन्हे 17 जून तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे आवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है।

प्राप्त आवेदनो का समिति द्वारा परीक्षण किया जाएगा। परीक्षण उपरांत जिला पंचायत कार्यालय मे शिक्षा स्थायी समिति मे समस्त दस्तावेजो को रखा जाएगा, जहां आवेदनो का समाधान किया जाएगा। राज्य शासन के द्वारा शिक्षा में गुणवत्ता लाने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालय में विद्याथएँ एवं शिक्षकों के अनुपात समायोजित कर विषयगत गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से किए जा रहे युक्तियुक्तिकरण की प्रक्रिया में प्रभावित शिक्षकों व्याख्याता के द्वारा प्रतिदिन न्याय की गुहार हेतु उच्च न्यायालय एवं अन्य कार्यालय पहुंच रहे हैं तथा इस संबंध में अनियमितता की शिकायते भी हो रही है, जिला पंचायत सामान्य समिति के बैठक 13 जून को लिए गए निर्णय अनुसार सभी प्रभावित शिक्षक, व्याख्याता से प्रमाणित दस्तावेज के साथ अभ्यावेदन लिया जाएगा। जिसका निराकरणजिला स्तरीय युक्ति युक्तिकरण समिति के माध्यम से परीक्षण कर विधि सम्मत जिला पंचायत की शिक्षा स्थाई समिति आगामी बैठक जो कि 20 जून को अयोजित है जिसमे निर्णय हेतु रखा जाएगा। इसलिए प्रभावित शिक्षकों – व्याख्यातओ अपना अभ्यावेदन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 17 जून तक जमा कर सकते है, ताकि इसका परीक्षण कर शिक्षा स्थाई समितियों जिला पंचायत बालोद बैठक में निराकरण हेतू रखा जा सके।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने कहा कि 20 जून को जिला पंचायत की शिक्षा स्थाई समिति की बैठक रखी गई है। शिक्षको को 17 जून तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे अपना आवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है।

### शौचालय में गड़बड़ी की जनपद सीईओ से शिकायत, घेरा जनपद

**दुर्ग।** ग्राम सिरसाखुर्द में 21 लाख 84 हज़ार के सरपंच सचिव के ख़िलाफ़ कार्यवाही की माँग को लेकर ओम प्रकाश साहू के नेतृत्व में लगभग 2 दर्जन ग्रामीणों व युवा मोर्चा कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता के साथ गुरदीप सिंह भाटिया जनपद पहुंचे। जहाँ उन्हें मेन गेट पर पुलिस द्वारा रोक दिया गया। जनपद सीईओ पांडे ने आंदोलनकारियों से कहा, प्रकरण कोर्ट में है। इसलिए वह कोई जवाब देने बाध्य नहीं है। उन्होंने कहा आपने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है तो वहीं से जवाब लीजिए। मैं अपना जवाब हाई कोर्ट में दूँगा। उन्होंने कहा शौचालय निर्माण में कोई अनियमितता नहीं हुई ना ही कोई राशि अतिरिक्त नाम वाले व्यक्ति के खाते में गई। आंदोलनकारियों ने कागज दिखाया जिसे मानने से सीईओ ने इनकार कर दिया व सीधे हाईकोर्ट बिलासपुर में अपना जवाब दे दूँगा कह कर अंदर चलते बने। बता दें छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 18 अक्तूबर 2024 को कलेक्टर, जिला जनपद सीईओ सहित अन्य को नोटिस भेजा था।

# दो वर्षों से क्षतिग्रस्त पुलिया बनी ग्रामीणों की मुश्किलों का कारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम मोहारा से अरमरीकला मुख्य मार्ग तक के मार्ग मे स्थित पुलिया बीते दो सालो से क्षतिग्रस्त है। पुलिया क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणो एवं महाविद्यालय के बच्चो को 8 किलोमीटर लंबी दूरी तय करना पड़ रहा है। ग्राम मोहारा में कट बांध के पास ग्राम मोहारा से अरमरीकला जाने के लिए बनी सड़क मे एक पुलिया है, पुलिया बीते दो सालो से क्षतिग्रस्त है।

पुलिया के तीन पाईप मे से दो पाईप पूरी तरह टूट चुके है। वर्तमान मे ग्रामीणो ने पुलिया मे मिट्टी डालकर वैकल्पिक यातायात प्रारंभ किया है, लेकिन पुलिया मे मिट्टी डालने से अरमरीकला व मोहारा खार मे आने वाला पानी बाधित होगा एवं अधिक पानी से सैकड़ो एकड़ खेत के डूबने का खतरा होगा। इसलिए इस मिट्टी को बारिश के पूर्व हटाना जरूरी होगा। मिट्टी हटने से यह रास्ता एक बार पुनः पुरी



तरह से बंद हो जाएगा। जिससे बारिश के दिनो मे ग्रामीणो को पुनः 11 किलोमीटर का लंबा सफर तय करना होगा। यह पुलिया अरमरीकला एवं मोहारा खार से मोहारा के बांध मे पानी जाने का माध्यम है। दो साल पूर्व अत्याधिक पानी से पानी के तेज बहाव से पुलिस की मिट्टी कट गई एवं पुलिया बैठ गई जिस पर किसी तरह आवागमन किया जा रहा था जिससे पुलिया के पाईप भी टूट गये है।

बच्चे मोहारा से अरमरीकला महाविद्यालय पढ़ने व ग्रामीण बाजार के लिए अरमरीकला जाते है, इस मार्ग से अरमरीकला की दूरी महज 3 किलोमीटर है, लेकिन पुलिया के टूटने से अब सभी को ग्राम जेवरतला होकर 11 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी। मामले मे ग्रामीणो की शिकायत पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने ग्रामीणो के साथ स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस की खतरनाक स्थिति को देखते हुए दुर्गानंद ने इस मार्ग से यातायात के दौरान ग्रामीणो को सावधानी बरतने की बात कही एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियो से चर्चा कर पुलिया के निर्माण एवं मरम्मत कराने के संबंध मे चर्चा की। इस दौरान सरपंच तेज"वरी नेताम, चन्द्रहास नेताम व ग्रामीण उपस्थित थे। दुर्गानंद ने कहा विभाग की लापरवाही से ग्रामीणो की राह कठिन हो गई है। उन्हे 8 किलोमीटर अतिरिक्त दुरी चलना पड़ रहा है। पुलिया के टूटने से यह मार्ग खतरनाक हो गया है। इसे तत्काल मरम्मत कर इसका स्थाई निर्माण कराने की आवश्यकता है।

### गहिरा गुरुधाम में यादवों ने किया पार्षद मनोज सोनी का सम्मान

**दुर्ग।** यादव संघ मित्र द्वारा गहिरा गुरुधाम न्यू दीपक नगर में पार्षद मनोज सोनी का सम्मान किया गया। मनोज सोनी वार्ड-23 से पार्षद हैं। उनके द्वारा सांस्कृतिक भवन ऑफिस कार्यालय के लिए आलमारी दान स्वरूप प्रदान की गई है। इस अवसर पर भगवान कृष्ण की आदमकद प्रतिमा की पूजा-अर्चना की गई। यादव संघ मित्र कल्याण मंडल के अध्यक्ष कमलेश यादव ने सोनी को भगवा गमछा, तिलक श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गहिरा गुरु राजेश यादव, वरिष्ठ समाजसेवी ब्रह्मदत्त यादव, गोवर्धन यादव, उमराव यादव, आलोक यादव, ब्रजेश कुमार यादव, हर्ष हिंद यादव, त्रिवेणी यादव, निशा यादव, सरस्वती यादव, चंचल यादव, जया यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्सटार्सन मामले में एक युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दी। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंचें परिजनों ने शव का शिनाख्त किया। परिजनों ने घटना की शिकायत वैशाली नगर पुलिस से की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक शांति नगर सड़क 1 निवासी हरविंदर सिंग उर्फ सन्नी अपने घर से शुक्रवार की सुबह 6 बजे गुरुद्वारा जाने के लिए बाइक से निकला था। देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजन परेशान होकर खोजबीन करने में लग गए। युवक अपने घर पर पर्स और मोबाइल को छोड़कर सिर्फ बाइक लेकर निकला था। परिजनों को पता चला कि ट्रेन से कटकर युवक की मौत हुई है। परेशान परिजन जब शव को देखने पहुंचे तब उसे देख हरविंदर के रुप में शिनाख्त किया। परिजनों के मुताबिक हरविंदर काफी सीधा साधा युवक था उसे सेक्सटार्सन मामले में फंसाकर वीडियों वायरल



कर रुपए का डिमांड कर ब्लैकमेल किया जा रहा था। परेशान हरविंदर ने कुछ रुपए का इंतजाम कर अज्ञात के खाते में ट्रांसफर भी पहली किस्त किया था। लेकिन इसके बाद भी हरविंदर को अज्ञात द्वारा फोन पर वीडियों वायरल की धमकी लगातार दी जा रही थी। उससे परेशान होकर प्रियदर्शनी परिसर सुपेला अंडर ब्रिज के पास अपनी बाइक को रख कर डाउन लाइन से आ रहे बीकेनेर एक्सप्रेस के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली।

### अहमदाबाद प्लेन हादसे में मारे गए लोगों को क्षत्रिय समाज ने दी श्रद्धांजलि

**भिलाई।** अहमदाबाद में हुए प्लेन हादसे में मारे गए लोगों को क्षत्रिय कल्याण महासभा ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इसे लेकर सेक्टर 7 महाराणा प्रताप भवन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महासभा के सभी पदाधिकारी, सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सम्मानित वरिष्ठ जन शामिल हुए। सभी ने गहरी संवेदना व्यक्त की और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग का संयुक्त कैंप**

# आठ स्कूली बसों में मिली खामियां, 167 की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग दुर्ग के जांच में शहर के आठ स्कूली बसों में खामियां पाई गई। स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था बसों में बेहतर हो। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन के मुताबिक स्कूली बसों की जांच शिविर का आयोजन किया गया था। ट्रैफिक एएसपी रिचा मिश्रा ने बताया कि पहले चरण में 16 शैक्षणिक संस्थान के 167 स्कूल बसो की जांच की गई। जिसमें 8 बसो में खामियां मिली है। इन बसों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई भी की गई। अन्य बचे स्कूली बसों का चेक आने वाले दिनों में किया जाएगा। यह शिविर पुलिस ग्राउंड सेक्टर 6 भिलाई



में आयोजन किया गया। स्कूली बसों के जांच शिविर का उदेश्य स्कूली छात्र-छात्राओं का सुरक्षित परिवहन से है। शिविर में पहले वाहनों का रजिस्ट्रेशन किया उसके बाद परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसो के दस्तावेजो की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन का रजिस्ट्रेशन, परमिट, फिटनेश, बीमा, पीयूसी, रोड टैक्स, वाहन चालक का लायसेंस चेक किया गया। इसके बाद वाहनो का मैकनिकल फिटनेश जांच भी की गई। जिसके अंतर्गत हेड लाईट, ब्रेक लाईट, पार्किंग लाईट, इन्डिकेटर लाईट, बैक लाईट, मीटर, स्टेरिंग की स्थिति, टायर की स्थिति, क्लच आदि चेक किया।

### 91 बस चालकों का आंख कमजोर, अन्य खामियां मिली

चेंकिग में सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन के मापदण्ड को फालो किया गया। चालक परिचालक के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें आंखो का चेक कर 91 चालको को आंख से जुड़ी बीमारी होने से चश्मा लगाने की सलाह दी गई। वाहनों में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गर्वनर, प्रेशर हार्न, आपातकालीन खिड़की, स्कूल का नाम, टेलीफोन नंबर, चालक का मोबाईल नंबर, फर्स्ट ऐड बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र, स्कूल बस के आगे पीछे स्कूल बस लिखा है की नहीं चेक किया गया। जांच के दौरान परिवाहन विभाग द्वारा बिना वाईपर 2, फिटनेश 1, लायसेंस 4, हेड लाईट 1 कुल 8 स्कूली बसो पर चालान करते हुए 9000 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411